भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 2035

12 फरवरी, 2021 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

मानसिक स्वास्थ्य पर कोविड-19 के प्रभाव संबंधी अध्ययन

2035.श्री बृजेन्द्र सिंह:

क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने लोगों के मानसिक स्वास्थ्य पर कोविड-19 प्रभावों से संबंधित कोई अध्ययन किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और इसके क्या परिणाम हैं?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (श्री अश्विनी कुमार चौबे)

(**क**) तथा (ख): सरकार ने लोगों के मानसिक स्वास्थ्य पर कोविड-19 महामारी के प्रभावों के आंकलन हेतु कोई अध्ययन नहीं किया है। तथापि, इस बात को महसूस करते हुए कि कोविड-19 का व्यक्तियों के मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ सकता है, सरकार ने कोविड19 के दौरान मनोचिकित्सा सहायता प्रदान कराने के लिए कई पहल आरम्भ की है। इन पहलों में अन्य बातों के साथ-साथ निम्नलिखित शामिल हैं:

(i) सम्पूर्ण प्रभावित आबादी को विभिन्न लक्षित समूहों जैसे बच्चों, वयस्क, वृद्ध-जन, महिलाओं, तथा स्वास्थ्य कर्मियों में विभाजित करके मानसिक स्वास्थ्य पेशेवरों द्वारा मनोचिकित्सा सहायता प्रदान करने हेतु एक 24/7 हेल्पलाइन की स्थापना करना।

(ii) समाज के विभिन्न वर्गों की आवश्यकताओं को पूरा करते हुए मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के प्रबंधन हेतु दिशानिर्देशों/एडवाइजरी जारी करना।

(iii) तनाव एवं अवसाद के प्रबंधन पर रचनात्मक एवं श्रृव्य-दृश्य सामग्रियों के रूप में विभिन्न मीडिया मंचों के माध्यम से सहायता, और सभी के लिए सहायता तथा परिचर्या के एक वातावरण को बढ़ावा देना।

(iv) राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य तथा तंत्रिका विज्ञान संस्थान (निम्हांस), बैंगलुरू द्वारा "कोविड-19 महामारी काल में मानसिक स्वास्थ्य-सामान्य चिकित्सा तथा विशेषज्ञ मानसिक स्वास्थ्य परिचर्या संस्थानों हेतु दिशानिर्देश" नामक विस्तृत दिशानिर्देश जारी करना।

(v) स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की बेबसाइट (https://www.mohfw.gov.in/) पर "बीहेवियरल हैल्थ-साइकोसोशल हेल्पलाइन" सभी दिशानिर्देश, एडवाइजरी तथा सहायता सामग्री प्राप्त की जा सकती है।

(vi) (आई-गॉट) दीक्षा मंच के माध्यम से मनोवैज्ञानिक सहायता तथा प्रशिक्षण प्रदान करने में निम्हांस द्वारा स्वास्थ्य कर्मियों का ऑनलाईन क्षमता निर्माण।

******